रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सड़कों की स्थिति के कारण रक्षा-कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की रुकावटें नहीं आई हैं। हरियाणा में केवल ऐसी दो सड़कें हैं और उनका रख-रखाव निर्धारित मानदंड के अनुसार किया जाता है।

(ग) इन सड़कों के रख-रखाव का कार्य सीमा सड़क संगठन करता है।

(घ) यातायात में वृद्धि होने और पानी एकत्र हो जाने के कारण इन सड़कों का कुछ हिस्सा खराब हो गया था।

(ङ) निम्नलिखित कार्य 31-3-1995 तक पूरे किए जाने हैं :—

—25 से 30 कि०मी० हिस्से का पुनः समतलीकरण किया जाना।

—दो क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत।

—चार नए हयूम पाइप वाली पुलियों का निर्माण।

—144.55 से 145.75 कि०मी० के हिस्से में बांध का निर्माण तथा दावेदार आधारतल एवं जलबद्ध पक्की सड़क (वाटर बाउंड मैकेडम) की व्यवस्था करना।

भूतपूर्व सैनिकों को पेंशन का भुगतान

612. **श्री रामजी लाल** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व सैनिकों को समय पर पेंशन प्राप्त होती है ;

(ख) उनकी पेंशनों के भुगतान की राशि में राज्य सरकारों के अंशदान का प्रतिशत कितना है ;

(ग) उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) हरियाणा सरकार इन पेंशनों के भुगतान पर वार्षिक रूप से कितनी धनराशि व्यय करती है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, सशस्त्र बलों के पेंशनर, पेंशन संवितरण कार्यालयों, राज्य कोषागारों अथवा राष्ट्रीयकृत/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं से अपनी पेंशन प्राप्त करते हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार उन्हें पेंशन समय पर मिलती है।

(ख) सशस्त्र बलों के पेंशनरों को दी जाने वाली पेंशन में राज्य सरकारें कोई अंशदान नहीं देती हैं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते।

Purchase of jet trainers for Air Force

613. **SHRI P. UPENDRA**: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to purchase advanced jet trainers for the Air Force;

(b) if so, what is the present stage of negotiations;

(c) whether Russia has offered transfer of technology for manufacture of an advanced jet trainer M'g-AT in the Hindustan Aeronautics, under the auspices of Indo-Russian Aviation Limited; and

(d) if so, what Government's reaction to the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir.

(b) Technical negotiations have been completed. Detailed Project Reports have been prepared to enable commercial negotiations. No formal offer has been received.